**एमयू20 समिट** 100 स्कूलों के 1600 स्टूडेंट्स, 2000 प्रतिभागी शामिल हुए

# डिजिटल डिवाइड व ग्लोबल माइग्रेशन पर बात

सिटी रिपोर्टर • इंदौर




एसवीकेएम के एनएमआईएमएस इंदौर और ईएचआईएस की साझेदारी में 'एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट 2025' हुई। इसमें देश-विदेश के 100 से अधिक स्कूलों के 1600 से ज्यादा स्टूडेंट्स और करीब 2000 प्रतिभागी शामिल हुए। तीन दिनी समिट में स्टूडेंट्स ने शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के नए आयाम तलाशे। कार्यक्रम में युवाओं को उभरते उद्योगों, भविष्य के करियर विकल्पों और ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों पर सोचने और प्रयोग करने का मौका मिला। एमयूएन कमेटियों में डिजिटल डिवाइड, ग्लोबल माइग्रेशन और सुरक्षा जैसे विषयों पर अंतरराष्ट्रीय और भारतीय संसदीय मंचों के जरिए चर्चा हुई। 'एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज' ने युवाओं की बिजनेस समझ और क्रिएटिव थिंकिंग को नई दिशा दी। संस्थान के डायरेक्टर अंशुमान जैसवाल ने कहा कि एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट सीखने, साझेदारी और विकास का उत्कृष्ट मंच साबित हुआ है। ईएचआईएस इंदौर के डायरेक्टर सिद्धार्थ सिंह ने इसे नई पीढ़ी के लिए करियर दिशा और कौशल विकास का सशक्त अवसर बताया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद आकाश चौधरी, डॉ. सुमेर सिंह, मेंटर अखिलेश राठी, अरविंद बॉंठिया और अजय बांकड़ा आदि उपस्थित थे।

**Publication: Dainik Bhaskar**

**Edition: Indore**

समिट | एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट का आयोजन

# विद्यार्थियों में टीमवर्क को दिया बढ़ावा



**इंदौर.** एसवीकेएम के एनएमआईएमएस इंदौर ने ईएचआईएस के साझेदारी में सफलतापूर्वक 'एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट 2025' का आयोजन किया, जो एशिया का सबसे बड़ा हाई स्कूल लीडरशिप कॉन्फ्रेंस है. इस आयोजन में 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 100 से अधिक प्रतिष्ठित वैश्विक स्कूलों से आए 1600+ छात्र शामिल थे.

यह आयोजन एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और एनएमआईएमएस इंदौर कैंपस में आयोजित हुआ. मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद आकाश चौधरी, डॉ. सुमेर बी. सिंह, अखिलेश राठी मेंटर एनएमआईएमएस इंदौर, अरविंद बॉठिया मेंटर एनएमआईएमएस इंदौर और अजय बांकड़ा मेंटर, एनएमआईएमएस इंदौर सहित एमयू20 एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे. उद्घाटन दिवस पर कई रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 'इम्पैक्ट चैलेंज' प्रमुख रहा. यह प्रतियोगिता संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 में निर्धारित 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) पर केंद्रित थी, जिसमें टीमों को वैश्विक स्थिरता चुनौतियों के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया. इस गतिविधि ने छात्रों में टीमवर्क और क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स को बढ़ावा दिया. . विभिन्न कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में 'एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज' प्रमुख आकर्षण रहा, जिसने प्रतिभागियों की रचनात्मकता और व्यावसायिक कौशल को निखारा।

## सीखने का उत्कृष्ट मंच

कार्यक्रम में अरविंद बॉठिया ने कहा यह सम्मेलन केवल रचनात्मकता और नवाचार का उत्सव नहीं था, बल्कि यह विचारों और संस्कृतियों के संगम का प्रतीक रहा, जिसने वैश्विक समझ की सच्ची भावना को प्रोत्साहित किया. अंशुमान जैसवाल डायरेक्टर, एनएमआईएमएस ने कहा एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट सीखने, साझेदारी और विकास के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ है, सिद्धार्थ सिंह डायरेक्टर ईएचआईएस ने कहा एमयू20 अपॉर्च्युनिटी समिट अगली पीढ़ी के शिक्षार्थियों के लिए एक सशक्त मंच है, जो उन्हें अपने करियर की दिशा पहचानने और कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करता है.

**Publication: Navbharat**

**Edition: Indore**

# 'एमयू20 अपार्च्युनिटी समिट 2025' आयोजित

इंदौर: एसवीकेएम के एनएमआइएमएस इंदौर ने ईएचआइएस (एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल) के सहयोग से तीन दिवसीय 'एमयू20 अपार्च्युनिटी समिट 2025' का आयोजन किया। कार्यक्रम 31 अक्टूबर से दो नवंबर तक एमरल्ड हाइट्स और एनएमआइएमएस कैंपस में हुआ। इसमें 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 100 से अधिक प्रतिष्ठित वैश्विक स्कूलों से आए 1600 से ज्यादा छात्र शामिल थे।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद आकाश चौधरी, डा. सुमेर बी. सिंह, अखिलेश राठी, अरविंद बाठिया और अजय बांकड़ा सहित एमयू20 एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे। समिट का मुख्य आकर्षण 'इम्पैक्ट चैलेंज' प्रतियोगिता रही, जो संयुक्त राष्ट्र के 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर केंद्रित थी। इसमें छात्रों ने वैश्विक स्थिरता से जुड़ी समस्याओं के लिए अभिनव समाधान प्रस्तुत किए। साथ ही 'एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज' ने छात्रों में रचनात्मकता और व्यावसायिक सोच को प्रोत्साहित किया। 'कल्चरल वाक' के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता और युवा ऊर्जा का उत्सव मनाया गया।

**Publication: Nai Duniya**

**Edition: Indore**